सांवरा जबसे मेरा है | By Manoj Sharma

राहों पर तेरी प्रभु जब से मैं चलने लगा
गम का अंधियारा तब से ढलने लगा...2
तब से जीवन में सुख का सवेरा है
सांवरा जब से मेरा है..........

बदल गई दुनिया मेरी बदल गया हर पल
आंख मेरी भर आती है सोचकर बीता कल....2
खुशियों ने हाथ सिर पर फेरा है.....2
सांवरा जब से मेरा है..........

कैसा भी हो रहा है रास्ता कैसी भी मुश्किल
सांवरा जो साथ हो दूर नहीं मंजिल......2
डर नहीं राहों में घर अंधेरा है....2
सांवरा जब से मेरा है..........

श्याम सुधा रस नाम को जब से पीने लगा
उठा के सर में शान से तब से जीने लगा....2
तब से रुतबे का सर पर सेहरा है...2
सांवरा जब से मेरा है..........

दुनिया के इस मोह में भटक गया था दिल
समझा मुझे तब आपने सेवा के काबिल....2
सोनू तब से ही चरणों का चेरा है...2
सांवरा जब से मेरा है
तब से जीवन में सुख का सवेरा है
सांवरा जब से मेरा है..........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%9c%e0%a4%ac%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-manoj-sharma/